राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर

(जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम, जयपुर)

क्रमांक :प.1(क)(05)कार्मिक / आर.एम.एस. / डी.एल.बी / 24 / 2504 दिनांक : 13/02/24

आदेश

विभाग को नगर पालिका, राजगढ़ (चूरू) से संबंधित विभिन्न प्रकरणों में अधिशाषी अधिकारी के विरूद्ध गंभीर प्रकृति – राजकीय राशि का गबन करने, न.पा. क्षेत्र में स्थित कृषि/गैर कृषि भूमियों के आवासीय व अन्य प्रयोजनार्थ पट्टे जारी करने में मास्टर प्लान की अनदेखी व भूमि निष्पादन नियमों की घोर अवहेलना करने, निर्माण कार्यो हेतु जारी निविदाओं में RTPP Acts/Rules के अन्तर्गत वित्तीय अनियमिततायें करते हुए ठेकेदारों से मिलीभगत कर अपने चहते ठेकेदारो को कार्य आवंटित करने, नगर पालिका मण्डल व अध्यक्ष के प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों का दुरूपयोग करने तथा विभागीय दिशा निर्देशों की अवहेलना बाबत निरन्तर शिकायतें प्राप्त होने पर विभाग द्वारा उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन करते हुए, प्राप्त शिकायतों के संबंध में जांच कर 15 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये है। वर्तमान में श्रीमती प्रियंका बुड़ानिया के अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजगढ़ (चूरू) के पद पर पदस्थापित रहने के कारण उक्त जांच को प्रभावित करने की पूर्ण सम्भावना है।

उपरोक्त वर्णित तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए श्रीमती प्रियंका बुड़ानिया, अधिशाषी अधिकारी–तृतीय हाल अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजगढ़ (चूरू) का अग्रिम पदस्थापन तुरन्त प्रभाव से आदेशों की प्रतीक्षा में मुख्यालय, निदेशालय किया जाता है।

उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़ (चूरू) को अपने पद के कार्य के साथ–साथ अग्रिम आदेशों तक अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजगढ़ (चूरू) के पद का अतिरिक्त कार्य करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

श्रीमती बुड़ानियां को कार्यमुक्त कर निर्देशित किया जाता है कि वे तत्काल अपनी उपस्थिति निदेशालय में प्रस्तुत करेंगी।

(सुरेश कुमार ओला)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक :प.1(क)(05)कार्मिक / आर.एम.एस. / डी.एल.बी / 24 / 2505-16 दिनांक : 13/02/24

प्रतिलिपी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

01. विशिष्ट सहायक, मा0 मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
02. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज0 जयपुर।
03. जिला कलक्टर, चूरू।
04. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, सीकर/बीकानेर।
05. उपखण्ड अधिकारी, राजगढ़ (चूरू)
06. वित्तीय सलाहकार/सहायक निदेशक (सतर्कता), निदेशालय।
07. अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजगढ़ (चूरू)
08. श्रीमती प्रियंका बुड़ानिया, अधिशाषी अधिकारी–तृतीय हाल अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका, राजगढ़ (चूरू) को पालनार्थ।
09. सुरक्षित पत्रावली।

(चांद मल वर्मा)
अतिरिक्त निदेशक

Scanned with CamScanner